## सार-समाचार

### सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन

**पाटन** (निसं)। श्रीमती जमुना देवी पांडेय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा सृजनात्मक प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी विद्यालयों का नाम रोशन किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की मनु कंवर, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गायत्री शिक्षण संस्थान की नवमी की छात्रा प्रिया द्वितीय स्थान पर रही, जबकि वर्धमान सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाबला की शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में वर्धमान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाबला की जिया शर्मा प्रथम, विजेता योगी द्वितीय तथा पलक तृतीय स्थान पर रही। आशु भाषण प्रतियोगिता में कनिष्का योगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इकलूथा द्वितीय रही तथा दीपशिखा ने तृतीय स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में अक्षिता यादव प्रथम, मुस्कान शर्मा द्वितीय तथा माधुरी कुशवाहा तृतीय स्थान पर रही।एकल गायन प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम स्थान पर रही, शुभम नायक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा जैस्मिन तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद गुर्जर ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### सम्मान समारोह आयोजित

**चिड़ावा** (निसं)। शहर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉक्टर ओमप्रकाश पचरंगिया की सुपुत्री सुमिता अनुज कुमार ने पीएचडी की उपाधि हासिल की है। सुमिता को विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान उपाधि पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ, मथुरा की ओर से शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके दिए योगदान और कार्य के मद्देनजर दी गई है। नई दिल्ली में होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित गरिमामय समारोह में ये उपाधि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. अरविंद कुमार थे। अध्यक्षता मणिपुर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सच्चिदानंद राय ने की। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डॉ. किरण बोबडे गाजियाबाद और डॉ. रविन्द्र द्विवेदी छत्तीसगढ़ थे। इस दौरान राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भी रखा गया। जिसमें अतिथियों ने इस दौरान पंडित दीनदयाल के एकात्मवाद सिद्धांत की व्याख्या की और उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतिथियों ने उपाधि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को अपने क्षेत्रों में और अधिक मेहनत और लगन से कार्य करते रहने का आ ान किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से आए हुए अन्य शोधार्थियों को भी उपाधि प्रदान की गई। इस दौरान काफी गणमान्यजन भी मौजूद रहे।

### विशेष नामचर्चा का आयोजन

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ कस्बे के बाबा रामदेव जी मंदिर के पास स्थित राजेन्द्र बिश्रोई इन्सां के निवास स्थान पर चैनपुरा छोटा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच सचखण्डवासी शंकरलाल बिश्नोई इन्सां की पावन स्मृति में ब्लॉक राजगढ के डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों की विशेष नामचर्चा का आयोजन किया गया। वहीं ब्लॉक राजगढ के नम्र सेवादार सम्पत इन्सां के सानिध्य में आयोजित नामचर्चा में राजस्थान प्रान्त के सच्चे नम्र सेवादार प्रभूराम इन्सां हरपालू, किरसन इन्सां चैनपुरा छोटा व रामचन्द्र इन्सां बैरासर छोटा ने उपस्थित साध संगत से डेरा सच्चा सौदा के द्वारा चलाये जा रहे मानवता भलाई के 170 कार्यों में बढ-चढकर भाग लेने का आहवान किया। वहीं मोक्षभूमि गोसेवा समिति के अध्यक्ष चानणमल डोकवेवाला ने गौसेवा में बढ-चढकर भाग लेने एवं अपने माता-पिता की सेवा को सबसे पहली सेवा बताया। वहीं राजेन्द्र इन्सां, पूर्व सरपंच रामसिंह बिश्नोई इन्सां, जयपाल बिश्नोई इन्सां व सचिन बिश्रोई इन्सां सहित पूरे परिवार ने मानवता भलाई के कार्यों में अधिकाधिक सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया

**बीदासर** (निसं)। तहसील के किसानों ने समर्थन मूल्य व टोकन कटाई में हुआ भ्रष्टाचार के मामले की जांच की मांग को लेकर किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी कर तहसील व एसडीएम कार्यालय में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि समर्थन मूल्य पर मूंग एवं मूंगफली की खरीद हेतु पंजीकरण साईट सुचारू रूप से नहीं चलने के कारण वास्तविक किसानों के टोकन नहीं कटे हैं और व्यापारी और ई-मित्र संचालकों की मिली भगत से 80 टोकन फर्जी तरीके से कटवा लिए हैं, जिस कारण से जब गरीब किसानों का टोकन काटने का नंबर आया तब खरीद केंद्र सुजानगढ उपकेन्द्र बीदासर तथा कातर छोटी कि क्षमता पूर्ण बता रही हैं। जिससे वास्तविक किसान सरकारी खरीद के टोकन से वंचित रह गये हैं। इसकी निष्पक्ष जांच की मांग ज्ञापन देकर की है इस अवसर पर शिवकरण गोदारा गिरिवरसर , पूर्व सरपंच जगदीश ढाका, हेमाराम, रेवंतराम लेघा, जेठाराम, ओमप्रकाश, हरिराम, नेमीचंद, विजयपाल, जा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### विद्यालय के कमरों का उद्घाटन

**बीदासर** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत ढढेरु भामूवान के गांव ढाणी कुम्हारान की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में 6.14 लाख की लागत से बने ड्रेसिंग कक्ष के कमरों व खेल मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच का उद्घाटन रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने किया। विधायक गोदारा ने ग्रामवासियों को संबोधित किया व खेल मैदान के लिए हाई मास्क लाइट लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रशासक सुरेश खेरिया, पंचायत समिति सदस्य रामकरण प्रजापत, हंसराज छापोला, लुहारा के प्रशासक नरेंद्र बेनिवाल, सारंगसर के प्रशासक विक्रम राणा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे

### मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम 30 को

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर लक्ष्मनगढ पिंजरापोल गौशाला में गौ-पूजन व गौपाष्टमी मेला 30 अक्टूबर को आयोजित होगा। आयोजित कार्यक्रम में चन्द्रदास महाराज, शिवराज जति महाराज भोजासर बडा, उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, नोडल अधिकारी ओमप्रकाश, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ मोहन भोगे मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर गौ पूजन व गौ नंदी परिक्रमा प्रातः 7 से 9 बजे तक गौ संवर्धन व नंदीशाला में ,गौपाष्टमी मेले का उद्घाटन लक्ष्मनगढ पिंजरापोल गौशाला में , अतिथियों द्वारा गौ पूजन शाम 4 बजे जबकि शाम 5 बजे सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा।

### दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग 29 को

**सीकर** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर, सीकर रतन कुमार ने आदेश जारी कर प्रशासनिक सुधार विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा 20 अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय, सीकर आवंटित किया गया है, इन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे एवं तत्पश्चात् नियुक्ति के लिए काउसंलिग प्रक्रिया जिला कलेक्ट्रेट सीकर के सभा कक्ष (मीटिंग हॉल) में की जावेगी। उन्होंने बताया कि संबंधित समस्त अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने मूल दस्तावेज सहित आवश्यक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### समस्या समाधान शिविर 31 अक्टूबर को

**सीकर** (निसं)। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल बिजेंद्र सिंह महला ने बताया कि 31 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे अटल सेवा केंद्र, मोटलावास में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में सभी पूर्व सैनिक और वीरांगनाएं अपनी समस्याएं लेकर पहुंच सकते हैं और अपनी समस्याओं का मौके पर ही निवारण करवा सकते हैं। सभी पूर्व सैनिक अपने साथ पीपीओ, डिस्चार्ज बुक व बैंक पास बुक साथ लेकर आयें।

### धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**सीकर,** (निसं)। धोद रोड कासली स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में गोपाष्टमीं पर 30 अक्टूबर को कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर ट्रस्टी गौरीशंकर बजाज व मनोज बजाज ने बताया कि 30 अक्टूबर को गोपाष्टमीं पर दोपहर तीन बजे श्री गौमाता पूजन किया जाएगा। इसके बाद सायं 4.15 बजे से अन्नकूट को भोग भगवान को लगाया श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।

### स्वच्छता मिशन की बैठक 30 को

**सीकर** (निसं)। अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी रमेश कुमार राठी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस 2 तथा जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर 2025 गुरूवार को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में आयोजित की जायेगी।

# जिला कलेक्टर ने चाइनीज मांझा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

■ साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अवैध कट बंद करने व सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर दिया

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, ई-फाइल निस्तारण और मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त ऑनलाइन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी ने ई-फाइल निस्तारण में तेजी लाने और सभी विभागों द्वारा लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने पर बल दिया।

जिला कलेक्टर शर्मा ने संक्रांति पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चाइनीज मांझे के कारण संक्रांति के दौरान कई दुर्घटनाएं और जनहानि के मामले सामने आते हैं। अतः नगर परिषद सीकर आयुक्त और सभी उपखंडों में एसडीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटियों द्वारा चाइनीज मांझा बिक्री की सघन निगरानी की जाए। बिक्री करते पाए जाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**सड़क सुरक्षा के लिए अवैध कट बंद करने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें**



जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान आरटीओ डॉ. वीरेंद्र सिंह राठौड एवं अधीक्षण अभियंता (पीडब्ल्यूडी) जेपी यादव ने सड़क सुरक्षा समिति के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। जिला कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी अवैध कट बंद करने और इसकी पुष्टि के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, आई-रेड सॉफ्टवेयर पर सड़क दुर्घटनाओं की नियमित रिपोर्टिंग, ट्रॉमा सेंटर्स का नियमित ऑडिट, ओवरस्पीडिंग की निगरानी और इंटरसेप्टर वाहनों के स्थान परिवर्तन के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर स्वामी ने मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग से प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। साथ ही, सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सघन अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

**पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चाः-** बैठक में पेंशनर्स संगठनों के प्रतिनिधियों ने आरजीएचएस सहित अन्य समस्याओं से जिला कलेक्टर को अवगत कराया। इस दौरान पेंशनर्स संगठन के ईश्वर सिंह राठौड सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सिटी) भावना शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अशोक चौधरी, अधीक्षण अभियंता (विद्युत, जलदाय, सार्वजनिक निर्माण विभाग), डीटीओ ताराचंद बंजारा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रक्तदाताओं का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। संतश्री हरिशरण जी महाराज की झुंझुनूं में भागवत कथा के दौरान सेवा कार्यों की शृंखला में सोमवार को लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में स्व. सुशीला देवी तुलस्यान धर्मपत्नी केशरदेव तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान एवं परिवारजन के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस पर किया गया। जानकारी देते हुए लॉयंस क्लब झुंझुनूं के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत एवं आयोजक तुलस्यान परिवार के डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक लॉयन शिवकुमार जांगिड एवं सह संयोजक एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास के संयोजन में आयोजित रक्तदान शिविर में सीकेआरडी हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से एकत्रित 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिनको संतश्री हरिशरण जी महाराज एवं लॉयंस क्लब पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा ओढाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रक्तदान शिविर के पश्चात आयोजक तुलस्यान परिवार की ओर से श्रीगोपाल गौशाला झुंझुनूं में गुड़, तिल, मैथी, अजवाण इत्यादि की श्री गऊ लड्डू सवामणी भी गौवंश को अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजक तुलस्यान परिवार के केशरदेव तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, योगेश तुलस्यान आदि उपस्थित थे।

## राजकीय बीडीके अस्पताल के पालनागृह में नवजात शिशु मिली

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं के पालनागृह में बीती रात को नवजात शिशु मिली। आपातकालीन नर्सिंग अधिकारी अनिल ढाका ने ड्यूटी के दौरान पाया कि पालनागृह की घंटी बजी। नर्सिंग अधिकारी अनिल ढाका एवं सीमा बेनीवाल पालना गृह पहुंचे तो पाया कि पालनागृह में नवजात शिशु है। नर्सिंग अधिकारी अविलंब नवजात शिशु को आपातकालीन इकाई में लेकर आए।

सीएमओ डॉ. राजीव दूलड ने नवजात बालिका की प्रारंभिक जांच कर नवजात शिशु इकाई में भर्ती किया। नवजात शिशु इकाई प्रभारी डॉ. विजय झाझडिया ने नवजात शिशु की पूर्ण स्वास्थ्य जांच की। ऑन कॉल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा चौधरी के द्वारा बाल कल्याण समिति अध्यक्ष एवं पुलिस को सूचना दी गई। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि नवजात शिशु की उम्र लगभग 32-34 सप्ताह प्रतीत हो रही है। नवजात शिशु बालिका हैं। नवजात की उम्र 12-48 घंटे प्रतीत हो रही है। नवजात शिशु को नवजात शिशु ईकाई में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। आमजन के द्वारा फेंके नहीं, हमें दे के तहत पालनागृह में छोड़ा गया है। विगत चार वर्षों में जिलेभर में एक भी नवजात को झाड़ियों एवं अन्य स्थल पर नहीं छोड़ा गया है। बल्कि सभी नवजात शिशुओं को बीडीके अस्पताल के पालनागृह में छोड़ा गया है। बीडीके अस्पताल का पालना गृह नवजात शिशुओं के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है। नवजात शिशु का वजन 2.5 किलो है। नवजात शिशु की नाल का साफ का नहीं होना, नाल का गहरा मटिया रंग प्रसव पूर्व मिकोनियम पास हो जाना प्रतीत होता है। सांस की तकलीफ होने पर सी-पैप मशीन, जीवनरक्षक दवाओं एवं हृदय सहयोगात्मक दवाओं से उपचार प्रारंभ कर दिया गया है। शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों, रेजीडेंट डॉक्टर्स एवं प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ द्वारा निरंतर मॉनिटारिंग की जा रही है। गत वर्ष तीन नवजात शिशु पालनागृह में मिले थे। इस वर्ष फरवरी में नवजात शिशु मिला था। अब दूसरी नवजात शिशु मिली है।

राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं के पालनागृह का एडीजे डॉ. महेंद्र केएस सोलंकी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा निरिक्षण किया गया। एडीजे डॉ. सोलंकी ने पालना गृह की लोकेशन, घंटी की स्थिति एवं क्रियाशीलता, साफ सफाई, स्टाफ की तत्परता एवं घंटी के बाद स्टाफ को पहुंचने में लगने वाला समय, आपातकालीन इकाई में नवजात की सेवाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई।

# नए कानून का आम जनता पूरी तरह से पालन करें : पुलिस अधीक्षक

**राजलदेसर** (निसं)। चूरु पुलिस अधीक्षक जय यादव बीकानेर से चूरू जाते वक्त राजलदेसर पुलिस थाने के अंदर रतनगढ़ डीएसपी अनिल कुमार प्रजापत, राजलदेसर थाना प्रभारी कमलेश सैनी के साथ अति आवश्यक मीटिंग ली मीटिंग के अंदर भारत सरकार के द्वारा नए कानून को लेकर चर्चा की साथ ही आम जनता को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार के माध्यम से नए कानून के नियम अपनाने की बात कही।

साथ ही राजलदेसर नेशनल हाइवे 11 पर जहाँ अधिक एक्सीडेंट होते हैं वहां पर दुर्घटनाग्रस्त गाडी का लोगों के साथ चेतावनी संदेश लिखा जाएगा इसके अलावा रेडियम बोर्ड लगवाए जाएंगे इसके अलावा उन्होंने अपराधियों की लगाम को लेकर कहा कि कानून की अवैलना करने वाले लोगों को बक्सा नहीं जाएगा साथ ही विशेष युवा वर्ग से आग्रह किया कि रोड पर मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट का इस्तेमाल अवश्य करें एवं मोटरसाइकिल चलाते वक्त मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करें अगर कोई भी मोटरसाइकिल सवार नियमों की अवहेलना करता है उन पर कडी कार्रवाई की जाएगी।



चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव राजलदेसर पुलिस थाने में बैठक ली।

इसके अलावा उन्होंने राजलदेसर पुलिस थाने का रिकॉर्ड भी चेक किया रिकॉर्ड की प्रशंसा की एवं पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष पुलिस थाना में कम मुकदमे होने के कारण पूरे थाने की प्रशंसा की एवं वर्तमान में पुलिस थाना में साफ सफाई की प्रशंसा की इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा राजलदेसर पुलिस थाना परिसर में स्टाफ को बढ़ाने को लेकर अवगत कराया तब पुलिस अधीक्षक ने कहा जैसे-जैसे स्टाफ आएगा स्टाफ की व्यवस्था कर दी जाएगी साथ ही वर्तमान में जहां पर अपराध ज्यादा होते हैं जहां स्टाफ की सख्त ज्यादा जरूरत होती है इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने स्टाफ के सदस्यों से कहा सभी पुलिस के जवान ईमानदारी से अपना कार्य करें एवं अपराधियों पर पैनी नजर रखें । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का निरीक्षण किया एवं थाना प्रभारी से वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली।

## शेखावाटी विश्वविद्यालय को दो इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहन मिले

**सीकर** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को आईसीआईसीआई बैंक और आईसीआईसीआई फाउंडेशन की ओर से सोमवार को दो इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहनों की चाबी भेंट की गई। इन वाहनों का हस्तांतरण कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत किया गया। बैंक और फाउंडेशन के अधिकारियों ने ये चाबियां विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय और कुलसचिव श्वेता यादव को सौंपी।

इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेन्द्र सिंह, उपकुलसचिव (सम्बद्धता) रामसिंह सरावग, सम्पदा एवं सामान्य प्रशासन प्रभारी कन्हैया लाल जांगिड़ सहित विश्वविद्यालय और बैंक के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने कहा कि ये वाहन सिर्फ कचरा नहीं उठाएंगे, बल्कि जिम्मेदारी की भावना भी जगाएंगे। स्वच्छता केवल सफाई का अभियान नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़ा आंदोलन है। विश्वविद्यालय परिसर और गोद लिए गए गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए यह दोनों वाहन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि सामाजिक सरोकार के तहत विश्वविद्यालय ने दौलतपुरा और कटराथल गांव को गोद ले रखा है। इन दोनों गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित करना लक्ष्य है, जिसमें स्वच्छता सबसे बड़ा आधार स्तंभ है। कचरा संग्रहण वाहनों से गंदगी की समयबद्ध निकासी के साथ ग्रामीणों में सफाई के प्रति सकारात्मक व्यवहार विकसित होगा।

## जरूरतमंदों की सेवाओं का संकल्प लिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र का दीपावली स्नेह मिलन बाबा प्रकाशपुरी होटल झुंझुनूं में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक वीर श्यामसुंदर जालान ने बताया कि स्नेह मिलन में 100 से अधिक संख्या में गणमान्य लोग वीर एवं वीराएं उपस्थित रहे। संगीत गायन नृत्य व हाउजी गेम भी खिलाया गया।

विजेताओं को पारितोषिक ईनाम दिया। साथ ही मासिक जनरल बॉडी मीटिंग में संस्था चेयरमैन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत ने संस्था द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन 2 वीर महेश कुमार मूंड ने और अधिक सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जीसीएम वीर नागरमल जांगिड़ ने मिश्री केंद्र के तहत वर्चुअल मेंबर्स अधिक से अधिक बनाने के लिए कहा। जोन चेयरमैन डॉ. एसएन शुक्ला ने संभावित क्षेत्रों में नए केंद्र खोलने के लिए प्रस्ताव रखे। जॉन सेक्रेटरी वीर सुमेरसिंह कर्णावत ने समस्त मेंबर से आग्रह किया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज कराए।

## गोल्ड मेडल जीतकर लौटी कृष्णा का स्वागत

**चूरू** (निसं)। 23 अक्टूबर को बहरीन में हुई तीसरी एशियन यूथ कबड्डी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधत्व करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर चूरू पहुंची जिले की रतनगढ तहसील के गांव रतनसरा की बेटी कृष्णा बिरडा का रविवार को चूरू जिला ओलंपिक संघ व भारतीय किसान यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में जिला कलेक्ट्रेट पर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि कृष्णा नेशनल चैंपियनशिप भी खेल चुकी है। गौरतलब है कि पिता अशोक कुमार बिरड़ा और माता सावित्री देवी के घर जन्मी कृष्णा कबड्डी की बहुत ही सधी हुई खिलाडी है। कृष्णा ने बहरीन में भारत का परचम लहराया। कृष्णा के गोल्ड मेडल जीतने की खबर के बाद जिले व गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

# आईसीटी शिक्षण में नवाचार, समावेशन और गुणवत्ता सुधार का माध्यम : राठौड़

**चूरू** (निसं)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप शिक्षा को तकनीक से जोडने की दिशा में एक और सार्थक कदम बढ़ाते हुये जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में तीन दिवसीय आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) प्रशिक्षण कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट प्राचार्य सी.डी.ई.ओ. गोविंद सिंह राठौड ने की। उन्होंने समापन सत्र में कहा कि नई शिक्षा नीति डिजिटल भारत की दिशा में शिक्षा को तकनीक-सक्षम बनाने का स्पष्ट आव्हान करती है। शिक्षकों को अब 'डिजिटल एजुकेटर' के रूप में अपनी भूमिका को सशक्त करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आईसीटी केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि शिक्षण में नवाचार, समावेशन और गुणवत्ता सुधार का माध्यम है। प्रशिक्षण समन्वय प्रभारी डाइट उप-प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य शिक्षकों को आईसीटी एकीकरण, ई-कंटेंट निर्माण, और डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग में दक्ष बनाना है।



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में तीन दिवसीय आईसीटी ( सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ) प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को पावर पोईंट,गुगल टुल्स, दिक्षा, स्वयं जैसे प्लेटफॉर्म पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा, दिनेश चोटिया ने राज्य संदर्भ व्यक्ति स्टेट रिसार्स पर्सन के रूप में सत्र संचालित किया। उन्होंने शिक्षकों को डिजिटल पेडागॉजी और ब्लेंडेड लर्निंग की अवधारणा से परिचित कराया तथा उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे आईसीटी उपकरण शिक्षा को सीखने-केंद्रित और सहभागी बनाते हैं।

सुनील शर्मा ने कहा कि आईसीटी प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए न केवल तकनीकी साक्षरता का अवसर है, बल्कि सृजनशीलता और आत्मनिर्भर शिक्षण का मार्ग भी प्रशस्त करता है। प्रथम दिवस के दौरान प्रतिभागियों ने आईसीटी के विभिन्न घटकों, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्किंग, और डिजिटल संसाधनों का व्यावहारिक परिचय प्राप्त किया। साथ ही समूह गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने यह भी समझा कि किस प्रकार आईसीटी के उपयोग से शिक्षण अधिक प्रभावी, आकर्षक और मूल्यांकन आधारित बन सकता है। इस प्रशिक्षण में चूरू जिले के समस्त ब्लॉक के विद्यालयों के आईसीटी लैब प्रभारी शिक्षक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के आगामी सत्रों में ई-कंटेंट निर्माण, ऑनलाइन मूल्यांकन, और डिजिटल क्लासरूम प्रबंधन जैसे उन्नत विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभागाध्यक्ष उमा सारस्वत, विजयलक्ष्मी शेखावत भी उपस्थित रहीं। डाइट चूरू का यह प्रयास नई शिक्षा नीति 2020 की उस भावना को साकार कर रहा है जिसमें कहा गया है शिक्षा का भविष्य तकनीक के सहयोग से ही सशक्त हो सकता है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 127/2025

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि प्रार्थी श्री निखिल थायल पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी बोलियों की धाणी, सीथल, झुंझुनू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास सर्वहिताय चेरिटेबल ट्रस्ट वार्ड नं. 6, मोजासार झुंझुनू राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 27.11.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर